## राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र - 2023-24

2024HND208490

विषय – हिंदी (द्वितीय भाषा)

कक्षा - 8

**परीक्षा अवधि - 2.30 घण्टे** पूर्णांक - 60

**बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1 - 5)**

**निर्देश - प्रत्येक प्रश्न के 4 विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

2024HND208490

प्रश्न - 1 कवि किसे जगमग करने को कह रहा है? 1

(A) विद्यालय को (B) घर को

(C) संसार को (D) स्वयं को

प्रश्न - 2 आत्म श्रद्धा क्यों आवश्यक है? 1

(A) स्वस्थ रहने के लिए (B) सफलता प्राप्त करने के लिए

(C) प्रसन्नता के लिए (D) भाग्यवान बनने के लिए

प्रश्न - 3 सामने वाले व्यक्ति की आधी शक्ति खींच लेने की विशेषता किसमें थी? 1

(A) श्री राम में (B) श्री कृष्ण में

(C) बाली में (D) सुग्रीव में

प्रश्न - 4 राजस्थान के चुरू जिले में हिरणों की रक्षा करते हुये किस शहीद को मरणोंपरान्त 'शौर्यचक्र ' से सम्मानित किया गया था? 1

2024HND208490

(A) अमृता देवी (B) निहालचन्द विश्नोई

(C) अभय सिंह (D) फूलचन्द

प्रश्न - 5 'कुण्डलियां ' छंद किनसे बनता है? 1

(A) चौपाई और दोहा से (B) दोहा और रोला से

(C) चौपाई और रोला से (D) चौपाई और सोरठा से

**रिक्त स्थान (प्रश्न 6 - 10)**

**निर्देश - नीचे दिए गए रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।**

प्रश्न - 6 ' भेड़ाघाट ' पाठ.............विधा में लिखा गया है। 1

प्रश्न - 7 गिरधर की कुंडलियों में .................. की अनुभवजन्य एवं उपयोगी बातें हैं। 1

प्रश्न - 8 अधिवर्ष प्रत्येक...... वर्ष बाद आता है। 1

प्रश्न - 10 "न यह समझो कि हिंदुस्तान की तलवार सोई है " पंक्ति में ------------------- रस है। 1

2024HND208490

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11 - 16)

**निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।**

2024HND208490

प्रश्न - 11 'वर दे!' कविता में कवि स्वतंत्रता का मंत्र कहाँ भरने की बात कह रहा है? 2

प्रश्न - 12 भेड़ाघाट किस जिले में है? 2

प्रश्न - 13 सूर्य प्रत्येक चंद्रमास में कितनी राशि को पार करता है? 2

प्रश्न - 14 रेडक्रॉस के सदस्यों को कैसे पहचाना जा सकता है? 2

प्रश्न - 15 संसार शब्द में 'इक' प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए। 2

प्रश्न - 16 'खंदक -खाइयाँ' सामासिक पद में कौन सा समास है? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17 - 22)

**निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।**

2024HND208490

प्रश्न - 17 'चिकित्सा ने जो खोया वह विज्ञान ने पाया' इस पंक्ति से आप क्या समझते हैं ? 3

प्रश्न - 18 महेश्वर के प्रमुख तीन दर्शनीय स्थलों के नाम लिखिए। 3

प्रश्न - 19 'युद्ध- गीता' कविता में श्रीराम के पराक्रम का मुख्य आधार क्या है? 3

प्रश्न - 20 शेर सिंह की पत्नी ने मोहन को समझाने का प्रयास कैसे किया? 3

प्रश्न - 21 अपनी बहन की शादी में जाने हेतु तीन दिन की छुट्टी हेतु प्रधानाचार्य को प्रार्थना -पत्र लिखिए। 3

प्रश्न - 22 निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करके लिखिए। 3

1- धर्मनीति

2- प्रतिदिन

3- आत्मशक्ति

4- राम-रावण

2024HND208490

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23 - 26)

**निर्देश - नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।**

प्रश्न - 23 अंग्रेजों के कारागार में रहते हुए बिरसा मुंडा के स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ा ? 5

प्रश्न - 24 "गिरधर की कुण्डलियाँ " लोक व्यवहार में कितनी उपयोगी हैं? 5

प्रश्न - 25 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 5

'हाल ही में 34 वाँ सड़क- सुरक्षा सप्ताह 2023 में मनाया गया। सड़क सुरक्षा सप्ताह हर साल 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाया जाता है । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित ,यह सड़क सुरक्षा में महत्त्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है । विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से 11% भारत में होती है । तेज रफ्तार ,शराब पीकर गाड़ी चलाने ,खराब सड़क और लापरवाही आदि के कारण होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए मंत्रालय जागरूकता करने के लिए सड़क सुरक्षा पर पोस्टर, बैनर, लघुफिल्म और

2024HND208490

पत्रक वितरण का आयोजन किया जाता है ।



1. उक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।

2. वर्ष 2023 में कौन सा सुरक्षा सप्ताह मनाया गया ?

3. सुरक्षा सप्ताह हर साल कब से कब तक मनाया जाता है ?

4. सड़क सुरक्षा सप्ताह किस उद्देश्य से मनाया जाता है?

5. सड़क दुर्घटनाओं में मौतें किन कारणों से होती है?

प्रश्न - 26 ' कंप्यूटर की उपयोगिता ' शीर्षक पर निबंध लिखिए | 5